लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि
दिनांक: 8.12.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 1-3

# खरपतवार विज्ञान में विशेष योगदान के लिए हकृवि के डॉ. समुंद्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डॉ. समुंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

पश्चिम बंगाल की खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा हकृवि के सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह को खरपतवार विज्ञान में योगदान के लिए सम्मानित किया। उनको यह पुरुस्कार कल्याणी नादिया के बिधान चंद्र कृषि विवि एग्री-स्कील कन्वरजेंस इन रिसर्च इंडस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया।

डॉ. समुंद्र सिंह अमेरिका के खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा फेलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं। भारत में खरपतवार विज्ञान की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रमुख व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और बंगला देश से आमंत्रित वक्ताओं के साथ छात्रों और किसानों सहित 550 लोगों ने भाग लिया।

डॉ. समुंद्र सिहं 2012-2016 तक अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसाइटी के सचिव, 2010 से उसके संवादपत्र के संपादक, 2016-20 उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई है। वे 2020-2024 के लिए पहले से ही आईडब्ल्यूएसएस के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। उन्हें दो बार अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी महत्वपूर्ण योगदान के लिये सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. समुंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, भारत, इंडोनेशिया, इजरायल, जापान, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 8.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 7-8

# एचएयू के डॉ. समुद्र सिंह को खरपतवार विज्ञान सोसायटी ने सम्मानित किया

## पश्चिम बंगाल में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**हिसार** | सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समुद्र सिंह को पश्चिम बंगाल में बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय कल्याणी में आयोजित एग्री-स्कील कन्वरजेंस इन रिसर्च, इंडस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसायटी ने भारत में खरपतवार विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. सिंह अमेरिका के खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा फैलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं। भारत में खरपतवार विज्ञान की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रमुख व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और बंगला देश से वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था। संगोष्ठी में वक्ताओं के साथ छात्रों और किसानों सहित 550 लोगों ने हिस्सा लिया।

डॉ. सिंह 2012-2016 तक अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी के सचिव, 2010 से संवाद पत्र के संपादक, 2016 से 20 तक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई, और 2020-2024 के लिए पहले से ही आईडब्ल्यूएसएस के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। उन्हें दो बार अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. सिंह ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, भारत, इंडोनेशिया, इजरायल, जापान, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका में अब तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं।



पश्चिम बंगाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एचएयू के डॉ. समुद्र सिंह को सम्मानित करते हुए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...... दैनिक जागरण ......
दिनांक 8.12.2019 ...... पृष्ठ सं. 19 ...... कॉलम 3-4

# खरपतवार विज्ञान में योगदान के लिए डा. समंदर सम्मानित

जागरण संवाददाता, हिसारः पश्चिम बंगाल स्थित विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसका विषय एग्री-स्कील कन्वरजेन्स इन रिसर्च, इन्डस्ट्री एंड लाइवलीहुड रखा गया। इस संगोष्ठी में एचएयू में सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. समंदर सिंह को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के दौरान पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसाइटी द्वारा भारत में खरपतवार विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डा. सिंह अमेरिका के खरपतवार विज्ञान सोसाइटी द्वारा फेलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं। भारत में खरपतवार विज्ञान की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रमुख व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और बंगला देश से आमंत्रित वक्ताओं के साथ छात्रों और किसानों सहित 550 लोगों ने भाग लिया। डा. सिहं 2012-2016 तक अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसाइटी के सचिव, 2010 से उसके संवादपत्र के संपादक, 2016-20 उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई, और 2020-2024 के लिए पहले से ही आइडब्ल्यूएसएस के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। उन्हें दो बार अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी (2012 और 2016) महत्वपूर्ण योगदान के लिये सम्मानित किया जा चुका है।

डा.सिंह ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, भारत, इंडोनेशिया, इजरायल, जापान, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं।




पश्चिम बंगाल के विधान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान अवार्ड लेते एचएयू के सस्य विभाग के अध्यक्ष डा. समंदर सिंह। ● एचएयू

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी, अमर उजाला
दिनांक....8.12.2019.... पृष्ठ सं....4, 3.... कॉलम....4-6, 1-2

# हकृवि के डा. समुंद्र सिंह को किया सम्मानित

हिसार, 7 दिसम्बर (ब्यूरो): डा. समुंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष, सस्य विज्ञान विभाग को बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी, नादिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित एग्री-स्कील कन्वरजेंस इन रिर्सच, इंडस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा भारत में खरपतवार विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डा. सिंह अमरीका के खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा फैलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं।



डा. समुंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

# हकृवि के डॉ. समुंद्र सिंह सम्मानित

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह को भारत में खरपतवार विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी, नादिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित एग्री-स्कील कन्वरजेन्स इन रिर्सच, इंडस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसाइटी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...... नभ छोर ......
दिनांक 7.12.2019 ...... पृष्ठ सं. 6 ...... कॉलम 3-5

# खरपतवार विज्ञान में योगदान के लिए हकृवि वैज्ञानिक संमुद्र सिंह सम्मानित




**हिसार/07 दिसंबर/रिपोर्टर**
हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह को बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी, नादिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित एग्री-स्कील कन्वरजेन्स इन रिर्सच, इन्डस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा भारत में खरपतवार विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह अमेरिका के खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा फेलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं। भारत में खरपतवार विज्ञान की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रमुख व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और बंगला देश से आमंत्रित वक्ताओं के साथ छात्रों और किसानों सहित 550 लोगों ने भाग लिया। डॉ. सिहं 2012-2016 तक अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी के सचिव, 2010 से उसके संवादपत्र के संपादक, 2016-20 उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई, और 2020-2024 के लिए पहले से ही आईडब्ल्यूएसएस के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। उन्हें दो बार अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी (2012 और 2016) महत्वपूर्ण योगदान के लिये सम्मानित किया जा चुका है। डॉ.सिंह ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, भारत, इंडोनेशिया, इजरायल, जापान, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 7.12.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

# खरपतवार विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हकृवि के डॉ. समुंद्र सिंह सम्मानित



*हिसार। डॉ. समुंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।*

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** डॉ. समुंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष, सस्य विज्ञान विभाग को बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, कल्याणी, नादिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित एग्री-स्कील कन्वरजेन्स इन रिसंच, इन्डस्ट्री एंड लाइवलीहुड विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान पश्चिम बंगाल की फसल और खरपतवार विज्ञान सोसायटी द्वारा भारत में खरपतवार विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह अमेरिका के खरपतवार विज्ञान सोसाइटी द्वारा फेलो के रूप में सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं। भारत में खरपतवार विज्ञान की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर एक प्रमुख व्याख्यान देने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और बंगला देश से आमंत्रित वक्ताओं के साथ छात्रों और किसानों सहित 550 लोगों ने भाग लिया।

डॉ. सिंह 2012-2016 तक अंतरराष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी के सचिव, 2010 से उसके संवादपत्र के संपादक, 2016-20 उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई, और 2020-2024 के लिए पहले से ही आई.डब्ल्यू.एस.एस. के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। उन्हें दो बार अंतर्राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान सोसायटी (2012 और 2016) महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. सिंह ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, भारत, इंडोनेशिया, इजरायल, जापान, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....
दिनांक 8.12.2019 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 2-5

# जीएनडीयू अमृतसर की टीम ने लोहिया विवि अयोध्या को 10 विकेट से हराया

## नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय(हकृवि) में चल रही नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। पहला मुकाबला हकृवि के गिरी सेंटर में डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या व गुरु नानक देव विश्वविद्यालय(जीएनडीयू) अमृतसर और दूसरा मुकाबला गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय(जीजेयू) के मैदान में पंजाब विश्वविद्यालय(पीयू) चंडीगढ़ व छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर के मध्य हुआ।

पहले मुकाबले में जीएनडीयू अमृतसर ने टॉस जीतकर लोहिया विवि को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में अदिति शर्मा के 40 रनों की बदौलत 83 रन बनाए। जीएनडीयू अमृतसर की टीम ने 19.1 ओवर मे 84 रन बिना विकेट खोए 10 विकेट से मैच जीत लिया। प्रिया व प्रियंका ने 38-38 रन बनाकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के मुख्य अतिथि डा. शहिल पोपली, सी.एम.सी. अस्पताल के मालिक थे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डा. देवेन्द्र सिहं दहिया उपस्थित रहे।



एचएयू के गिरी सेंटर में नोर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में डा. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या व गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर की टीम के मैच के दौरान अयोध्या टीम की खिलाड़ी इंद्रानी शॉट लगाती हुई। ● जागरण

जीजेयू में हुए दूसरे मुकाबले में कानपुर विवि ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी। पीयू चंडीगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाए। टीम की मोनिका ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। जवाब में कानपुर विवि निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 79 रन ही बना सकी। इस तरह पीयू चंडीगढ़ ने 52 रन से मुकाबला जीत लिया। मैच के मुख्य अतिथि फतेहचंद कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनीता सहरावत और खेल-कूद निदेशक डा. शशि लूथरा विशिष्ट अतिथि रहे।




प्रतियोगिता में डा. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या व गुरुनानक देव विवि अमृतसर की टीम के मैच के दौरान अयोध्या टीम की खिलाड़ी भावना राठौड़ शॉट लगाती हुई। ● जागरण

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...पंजाब केसरी...
दिनांक ...8.12.2019... पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...1-4...

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप

# गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर व पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की टीम पहुंची सैमीफाइनल में

## आज 2 होंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले



*खिलाड़ियों से मिलते मुख्यातिथि।*

हिसार, 7 दिसम्बर (ब्यूरो): एच.ए.यू. में चल रही नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले आयोजित हुए। एच.ए.यू. के गिरी सैंटर में खेले गए मैच में डा. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या व गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के बीच मैच खेला गया। जबकि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ व छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बीच मैच खेला गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के मैच के मुख्यातिथि फतेहचंद कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनीता सहरावत थी तथा विशिष्ठातिथि के तौर पर खेल निदेशक डा. शशि भूषण लूथरा उपस्थित थीं। जबकि हकृवि के मैच के मुख्यातिथि सी.एम.सी. अस्पताल से डा. शहिल पोपली थे तथा विशिष्ठातिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डा. देवेंद्र सिंह दहिया उपस्थित थे। इस अवसर पर सह-निदेशक छात्र कल्याण खेल, डा. सुशील लेगा, डा. बलजीत गिरधर, ओमेंद्र सांगवान, डा. एस.एस. जसवाल, डा. किशोर कुमार, रमेश चौधरी, इंदु चौधरी, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, सुंदर पाल व रणधीर ढाका व दिनेश इत्यादि उपस्थित थे।

### ये रहे विजेता

### पहला मैच

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर ने टॉस जीतकर डा. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। अयोध्या वि: ।विद्यालय ने निर्धारित 20 ओवर में 83 रन बनाए। जिसमें अदिति शर्मा ने 40 रन बनाए, बदले में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर ने 19.1 ओवर मे 84 रन बना दिए। अमृतसर ने बिना विकेट खोए 10 विकेट से यह मैच जीता। प्रिया व प्रियंका ने आपेनिंग करते हुए 38-38 रन बनाकर अपनी टीम को विजयी करवाया।

### दूसरा मैच

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ने टॉस जीतकर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाए। जिसमें मोनिका ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। जवाब में कानपुर विश्वविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 79 रन ही बना पाई।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ..... पंजाब केसरी .....
दिनांक 9.12.2019 ..... पृष्ठ सं. 4 ..... कॉलम 4-8

# हकृवि के खिलाड़ियों को जल्द मिलेगा आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ

**खेलो इंडिया स्कीम के तहत 4.65 करोड़ की लागत से बिछाया जा रहा एस्ट्रोटर्फ**

हिसार, 8 दिसम्बर (नांदवाल): स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को जल्द ही एक आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ मिलने जा रहा है।

गिरी सैंटर में इस एस्ट्रोटर्फ का निर्माण कार्य प्रगति पर है और उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक इसको खिलाड़ियों को सौंप दिया जाएगा। नए एस्ट्रोटर्फ के बिछाने का कार्य पिछले साल मार्च में शुरू किया गया था। केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नया अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ बिछाने के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपए की ग्रांट जारी की थी। पुराने एस्ट्रोटर्फ के सरफेस को उखाड़ दिया गया है और एक विशेष प्रकार के रबड़ को सैलुशन के साथ चिपकाकर इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सह निदेशक (खेल) सुशील लेगा के अनुसार नया एस्ट्रोटर्फ 8 लेन का होगा।

**1995 में बिछाया गया था पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ**

हरियाणा कृषि के गिरी सैंटर में 1995 में हरियाणा का पहला एस्ट्रोटर्फ बिछाया गया था जिसकी मियाद अमुमन 10 साल की होती है। इतने वर्ष बीत जाने के बाद यह एस्ट्रोटर्फ अब खराब हो चुका था। मियाद खत्म होने के बाद यह इस्तेमाल करने के लायक नहीं रहता।

इस एस्ट्रोटर्फ को बिछाने के लिए पहले मैटीरियल जर्मनी से मंगवाया गया था। इस बार मुंबई की एक निजी कंपनी को एस्ट्रोटर्फ बिछाने का ठेका दिया गया है और इस पर बिछाए जाने वाला मैटीरियल इंगलैंड से आया है। इंगलैंड से ही 2 इंजीनियर आए हुए हैं जो एस्ट्रोटर्फ के बिछाने का कार्य कर रहे हैं।

4 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से बिछाए जा रहे इस एस्ट्रोटर्फ के पूरा हो जाने के बाद इंटरनैशनल एथलैटिक्स एसोसिएशन की एक टीम इसको परखने के लिए आएगी और इसके स्टैंडर्ड की जांच करेगी अगर यह एस्ट्रोटर्फ मानकों के अनुरूप पाया जाता है तो इसको इंटरनैशनल स्तर का सर्टीफिकेट देती है। 8 लेन के बिछाए जाने वाले इस एस्ट्रोटर्फ पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एथलैटिक मीट भी करवाई जा सकती है।



*हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एस्ट्रोटर्फ बिछाने का कार्य करते हुए इंगलैंड के इंजीनियर।* (नांदवाल)

> 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बिछाए जाने वाले इस एस्ट्रोटर्फ के पूरा हो जाने के बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को काफी लाभ होगा। अंडर ग्रैजुएट विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स विषय अनिवार्य है। आधुनिक एस्ट्रोटर्फ उनके लिए एक नया वरदान सिद्ध होगा।'
>
> **डा. डी.एस. दहिया छात्र कल्याण निदेशक, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।**

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला
दिनांक 8.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-7

# जीएनडीयू अमृतसर ने आरएमएलएयू अयोध्या पीयू चंडीगढ़ ने सीएसजेएमयू कानपुर को हराया

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में चल रही उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए। एक मैच में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (जीएनडीयू) अमृतसर ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (आरएमएलएयू) अयोध्या को 10 विकेट से हराया।

वहीं एक अन्य मैच में पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) चंडीगढ़ ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर को 52 रनों से मात दी।



नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी किक्रेट टूर्नामेंट में कानपुर व पंजाब यूनिवर्सिटी के बीच मैच में गेंद को पुश करती कानपुर की बल्लेबाज।

### अमृतसर की टीम का शानदार प्रदर्शन बरकरार

अमृतसर व अयोध्या की टीम के बीच खेले गए मैच में अमृतसर की टीम का शानदार प्रदर्शन बरकरार रहा। अमृतसर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अमृतसर की गेंदबाजों ने अयोध्या की टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

अयोध्या ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए। टीम की बल्लेबाज अदिति शर्मा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए और वह आखिर तक नॉट आउट रही। इसके अलावा भावना ने 14 रनों का योगदान दिया। वहीं अमृतसर की तरफ से रेखा, सुनीता व यमुना ने एक-एक विकेट लिया। वहीं जवाब में उतरी अमृतसर की टीम ने 19.1 ओवर ने बिना कोई विकेट खोकर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया।

अमृतसर की बल्लेबाज प्रियंका व प्रिया ने नाबाद 39-39 रन बनाए। इससे पहले मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. साहिल पोपली ने किया।

इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डॉ. देवेंद्र दहिया, डॉ. आरएस दहिया, सुशील लेगा, बलजीत गिरधर, किशोर कुमार, इंदू चौधरी, रमेश चौधरी, रणधीर ढाका आदि मौजूद रहे।

***कानपुर की टीम बड़े स्कोर का नहीं कर सकी पीछा :*** चंडीगढ़ व कानपुर के बीच हुए मैच में कानपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मगर कानपुर के गेंदबाज कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सके। यही वजह रही कि चंडीगढ़ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 131 का स्कोर खड़ा कर दिया। चंडीगढ़ की बल्लेबाज मोनिका ने नाबाद 66 रन बनाए। गजाला ने 26 व अक्षिता ने 17 रनों का योगदान दिया। कानपुर की तरफ से सिंपल व छाया ने एक-एक विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 79 रन ही बना सकी। कानपुर की तरफ बल्लेबाज आराधना व अपूर्वा ने 17-17 रन बनाए, जबकि दो बल्लेबाज बिना कोई खाता खोले ही पैवेलियन लौट गए। चंडीगढ़ की तरफ से अदिति व रमजा ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि एफसी कॉलेज की प्रिंसिपल अनीता सहरावत ने किया। इस मौके पर गुजवि के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शशि लूथरा भी मौजूद थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 8.12.2019 पृष्ठ सं.: 6 कॉलम: 1-6

खेल स्पर्धा • नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में जीजेयू और एचएयू के मैदान पर खेले गए मैच

# क्वार्टर फाइनल में अमृतसर विवि ने कानपुर को 10 विकेट से हराया

भास्कर न्यूज | हिसार



एचएयू में आयोजित नोर्थ जोन इंटरयूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय में चल रही नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शनिवार को गिरी सेंटर में डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या व गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के बीच मुकाबला हुआ।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर ने पहले टॉस जीत कर डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय ने निर्धारित 20 ओवर में 83 रन बनाए। अयोध्या की टीम से अदिति शर्मा ने 40 रन बनाए। जवाबी मुकाबले में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर की टीम ने 19.1 ओवर में 84 रन बनाकर जीत हासिल की। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय टीम ने 10 विकेट से मुकाबले में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रिया व प्रियंका ने 38-38 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। एचएयू में खेले गए मैच के मुख्य अतिथि सीएमसी अस्पताल के मालिक डॉ. शहिल पोपली व वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। दूसरा मैच गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के मैदान में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ व छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के बीच खेला गया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ने टॉस जीत कर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए। इसमें मोनिका ने सर्वाधिक 66 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलवाई। कानपुर विवि 20 ओवर में 8 विकेट पर 79 रन बनाकर मैच से बाहर हो गई। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के मैच के मुख्य अतिथि फतेहचंद कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर खेलकूद निदेशक डॉ. शशि लुथरा उपस्थित थी। विवि के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया रहे। इस अवसर पर सहनिदेशक छात्र कल्याण खेल, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर, ओमेन्द्र सांगवान, डॉ. एसएस जसवाल, डॉ. किशोर कुमार, रमेश चौधरी, इंदु चौधरी, निर्मल सिंह, दलजीत सिहं, सुन्दर पाल, रणधीर ढाका व दिनेश मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........

दिनांक 8 . 12 . 2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 8

## पंजाब यूनिवर्सिटी ने कानपुर विवि को 52 रन से हराया

**हक़ृवि में नोर्थ जोन अंतर विवि महिला क्रिकेट टी-20 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए**

हिसार। हकृवि में चल रही नोर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर में डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या व गुरू नानकदेव विश्वविद्यालय अमृतसर के बीच मैच खेला गया। जबकि गुजवि में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ व छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के बीच मैच खेला गया। डॉ. राम मनाहेर लोहिया विश्वविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 83 रन बनाए। जिसमें अदिति शर्मा ने 40 रन बनाये बदले मे. गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय, अमृतसर ने 19.1 ओवर मे 84 रन बिना विकेट खोकर 10 विकेट से जीत हासिल की। प्रिया व प्रियंका ने 38-38 रन बनाकर महत्त्वपूर्ण खेल प्रदर्शन किया।दूसरे मैच में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाये। जिसमें मोनिका ने सर्वाधिक 66 रन बनाकर अपनी टीम को विजय दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबकि कानपुर विश्वविद्यालय ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 79 रन बनाकर मैच से बाहर हो गई। इस अवसर पर एफसी कॉलेज की प्राचार्या डा. अनीता सहरावत, डॉ. सुशील लेगा, डा. शशी लुथरा, डा. साहिल पोपली, डा. देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ. बलजीत गिरधर, ओमेंद्र सांगवान, डॉ. एसएस जसवाल, डॉ. किशोर कुमार, रमेश चौधरी, इंदू चौधरी, निर्मल सिहं, दलजीत सिहं, सुंदर पाल, रणधीर ढाका व दिनेश आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक: 9.12.2019 पृष्ठ सं: 4 कॉलम: 1-2

## कृषि विशेषज्ञ की सलाह

डॉ. आरएस हुड्डा

# चने की फसल में फूल आने से पहले दें पानी

चने में आवश्यकतानुसार फूल आने से पहले एक पानी देना चाहिए। चने की पत्तियों पर यदि भूरे रंग के धब्बे दिखाई दें तो समझना चाहिए कि चने के खेत में जिंक की कमी है, इसलिए इस भूमि में अगली बिजाई से पहले 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट अवश्य डालना चाहिए। हरियाणा चना नंबर -1 को सिंचित क्षेत्रों में दिसंबर के मध्य तक भी बोया जा सकता है। कभी - कभी फली छेदक सूंडी इन दिनों में फलों व पत्तियों आदि पर आक्रमण कर देती है। इसके नियंत्रण के लिए 200 मिली लीटर मोनोग्रोटोफॉस 36 एसएल या 400 मिली लीटर क्विनल फॉस 25 ईसी को 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़कें। इसके अलावा महीने के दूसरे पखवाड़े में तोरिया की पकी हुई फसल की कटाई करें और समय पर बीजी गई सरसों व राया की फसलों को महीने के अंत में पानी दें।

यदि सरसों व राया के निचले पत्तों के किनारों का रंग गुलाबी पड़ जाए तो यह जिंक की कमी का कारण है। इसके लिए किलोग्राम जिंक सल्फेट, पांच किलोग्राम यूरिया को 200 लीटर पानी में मिलाकर एक एकड़ फसल पर छिड़काव करें। पत्तियों पर सफेद फफोले वाली बीम गाभरी से रक्षा के लिए 600 ग्राम डाई थेन एम - 45 को 250 - 300 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़कें। बिजाई से पहले 96 किलोग्राम किसान खाद व 50 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट तोरिया और सरसों में प्रति एकड़ डालें। राया के लिए अमोनियम सल्फेट 160 किलोग्राम या 128 किलोग्राम किसान खाद और 75 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट प्रति एकड़ बिजाई से पहले डालें।



**डॉ. आरएस हुड्डा**
**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विस्तार शिक्षा निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।**

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक...9.12.2019... पृष्ठ सं....17.... कॉलम....1-2....

# मदवि रोहतक और शिमला विवि सेमीफाइनल में



एचएयू के गिरी सेंटर में नोर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की टीम के मैच के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय की खिलाड़ी तान्या शॉट लगाते हुए । ● जागरण

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को क्वार्टर फाइनल वर्ग के दो मुकाबले हुए। इनमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने डीयू दिल्ली को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसमें मुख्य अतिथि एचएयू में एचआरएम निदेशक डा. एमएस सिद्धपुरिया रहे।

पहला मुकाबला हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एचएयू के मैदान में खेला गया। इसमें शिमला विवि ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और डीयू को बल्लेबाजी का न्योता दिया। डीयू की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 72 रन बनाए। जवाब में शिमला विवि की टीम ने 18.3 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 75 रन बना दिए और आठ विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

वहीं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के मैदान में पीयू पटियाला व मदवि रोहतक के बीच मैच खेला गया, जिसमें पटियाला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 रन बनाए। जवाब में मदवि ने बिना किसी नुकसान के 44 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। इसके साथ ही मदवि ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर आर्य नगर के पूर्व सरपंच विशाल सिंह मुख्य अतिथि रहे।